# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**

**MID-TERM EXAMINATION 2023-24**

**HINDI**

Class :V
Date : 13.10.2023
Admission No.:

Duration : 3 Hrs
Max. Marks: **80**
Roll No.:

**सामान्य निर्देश –**

- सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़िए।
- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं।
- चारों खंडों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथा सम्भव प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

**खण्ड. क—वाचन कौशल**

**प्र. 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए –** **5**

**i.** एक बार राजा अकबर बीमार पड गए। बीमारी के कारण वे रात–रात भर जागते रहते। नींद उनसे कोसों दूर भाग गई थी। राजवैद्य ने कई दवाइयाँ व उपाय आज़मा लिए, पर कोई लाभ नहीं हुआ। सारी दुनिया रात में सोती और बादशाह अकबर जागते। अकबर को तो वैसे ही किस्से कहानियाँ सुनने का बडा शौक था। अकबर ने रोज रात को एक कहानी सुनने का निश्चय किया। इस तरह प्रतिदिन रात को कोई–न कोई दरबारी आकर अकबर को कहानी सुनाने लगा।

प्रश्न– (क) एक बार कौन बीमार पड गया ?

i. बीरबल ii. अकबर iii. मंत्री iv. सिपाही

(ख) कौन उनसे कोसों दूर भाग गई ?

i. भूख ii. आग iii. रानी iv. नींद

(ग) किसने दवाइयाँ दी ?

i. बीरबल ii. राजवैद्य iii. दासी iv. पानी

(घ) सारी दुनिया कब सोती ?

i. रात में ii. दिन में iii. शाम में iv. दोपहर में

(ड) अकबर को कौन–सा शौक था ?

i. गाना ii. सोना iii. खाना iv. कहानियाँ

**ii. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए –** **5**

एक बार चार मित्र कहीं जा रहे थे। वे अंधे थे। गरमी का मौसम था । गरमी से बचने के लिए वे एक पेंड के नीचे उसकी छाया में बैठ गए। वे विश्राम कर रहे थे कि कही से एक हाथी आकर वहाँ खडा हो गया और उसी पेड़ के पत्ते खाने लगा । वे उसे छू–छू कर समझने लगे कि वह क्या है ? उन्होंने हाथी के बारे में सुना था किंतु उसके आकार की कल्पना उन्हें नहीं थी ।

प्रश्न –(क) कितने मित्र थे ?

i. दो ii. तीन iii. सात iv. चार

(ख) चारों मित्र कैसे थे ?

i. भूखे ii. अंधे iii. लंगडे iv. गुंगे

(ग) चारों मित्र क्या कर रहे थे ?

i. गाना ii. आग iii. विश्राम iv. नींद

(घ) कौन सा प्राणी वहाँ आकर खडा हो गया ?

i. शेर ii. हाथी iii. घोडा iv. गाय

(ङ.) हाथी क्या खाने लगा ?

i. घास ii. आग iii. पत्ते iv. गन्ना

**प्रश्न 2:—अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए — 5**

झूला झूले गुडिया, रानी. झुला रही है
चिड़िया रानी देख रही है ।
बंदर मामा पहने कुर्ता और पाजामा
सुंदर बिल्ली मौसी भी आई
अपना चश्मा भी लाई ।

**क. कौन झूला झुला रही है ?**

i. रानी ii. बाई iii. पापा iv. गीता

**ख. झूला कौन झूल रही है ?**

i. काका ii. आग iii. गुड़िया iv. मामा

**ग. कौन देख रही है ?**

i. कोयल ii. काका iii. चिड़िया iv. नाना

**घ. कौन सी मौसी आई ?**

i. बिल्ली ii. गीता iii. बबीता iv. सोना

**ङ. बंदर मामा ने क्या पहना है ?**

i. शर्ट ii. पाजामा iii. पत्ते iv. कोट

## खण्ड. ख—व्याकरण कौशल

**प्र.3. दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द छाँटकर लिखिए — 3**

**( भूमि / आकाश / पुत्र )**

क. बेटा ख. अंबर ग. धरती

**प्र.4. दिए गए वाक्यों में काल को पहचान कर लिखिए — 2**

**क. मैं कविता लिख रहा हूँ ।**

i. वर्तमानकाल ii, भूतकाल iii. भविष्यकाल

**ख. अब न कोई अनपढ़ होगा ।**

i. भूतकाल ii. वर्तमानकाल iii. भविष्यकाल

**प्र.5. नीचे लिखे शब्दों के लिंग शब्द छाँटकर लिखिए — 2**

**( अमर / लेखिका / पिता )**

क. माता ख. लेखक

**प्र.6. कोष्ठक में लिखे सर्वनाम शब्द छाँटकर वाक्य पूर्ण लिखिए — 2**

**( हमें / मैं )**

क. सफाई का खुद ध्यान रखना चाहिए।

ख. भी एक कूड़ेदान बना रहा हूँ।

**प्र.7. नीचे लिखे मुहावरे के अर्थ शब्द छाँटकर वाक्य लिखिए –** **2**

**( हैरान रह जाना / बहुत गुस्सा होना )**

क. आग बबूला होना–

ख. दंग रह जाना –

**प्र.8. दिए गए विशेषण और विशेष्य शब्दों के जोड़े बनाकर लिखिए–** **2**

| **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|
| सात | छंद |
| ललित | बरस |
| ग्रामीण | हिज्जे |
| दुरूस्त | पाठशाला |

**प्र.9. नीचे लिखे शब्द के विलोम शब्द छाँटकर लिखिए –** 3

( अमीर / असाधारण / स्वामी )

क. सेवक ख. साधारण ग. गरीब

**प्र.10. दिए गए शब्दों के वचन शब्द छाँटकर लिखिए –** 2

( कहानियाँ / नारा / कविताएँ )

क. नारे ख. कहानी ग. कविता

**प्र.11. दिए गए शब्दों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए –** 2

( कहानी / नारा / सोहन / अर्जुन )

## खण्ड. ग–साहित्य कौशल

**प्र.12:–पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए –** 5

नानी वाली कथा – कहानी, अब के जग में हुई पुरानी।
बेटी–युग के नए दौर की, आओ लिख लें नई कहानी।
बेटी–युग में बेटा–बेटी, सभी पढ़ेंगे, सभी बढ़ेंगे ।
फौलादी ले नेक इरादे, खुद अपना इतिहास गढ़ेंगे।।

**क.** नेक इरादे कैसे होना चाहिए ? ( डरने / फौलादी /कमजोर )

**ख.** कौन पढ़ेंगे ? ( कवि / फौलादी /बेटा–बेटी )

**ग.** नानी वाली क्या हुई पुरानी ? ( कथा–कहानी / रोटी /चुटकुले )

**घ.** क्या लिख ले ? ( कवि / नई कहानी / कविता )

**ड.** क्या गढ़ेंगे ? ( कविता / फौलादी / इतिहास )

**प्र.13. पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए –** **5**

दीपू नाम का एक लड़का है। वह नटखट व बुद्धिमान है। वह कक्षा पाँच में पढ़ता है और आपकी तरह वह प्रतिदिन विद्यालय जाता है। दीपू के विद्यालय का एक नियम है कि एक–एक दिन हर कक्षा के बच्चे मिलकर, अध्यापिका की देख–रेख में मध्यावकाश के बाद पंद्रह मिनट विद्यालय की सफाई करत हैं।

**क. बच्चे मिलकर क्या करते हैं ?**

i. शर्ट ii. सफाई iii. पत्ते iv. कोट

**ख. कितने मिनट सफाई करते हैं ?**

i. 15 मिनट ii. 13 मिनट iii. 10 मिनट iv. 11 मिनट

**ग. दीपू कैसा था ?**

i. बदमाश ii. पाजामा iii. पत्ते iv. नटखट व बुद्धिमान

**घ. कौन प्रतिदिन विद्‌यालय जाता था ?**

i. श्याम ii. पंकज iii. दीपू iv. काका

**ड. बच्चे साफ–सफाई कब करते थे ?**

i. शाम ii. मध्यावकाश iii. पत्ते iv. सुबह

**प्र.14. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए– ( कोई दो )** **8**

क. बेटा–बेटी कैसा पर्व है ?
ख. कार्यक्रम में जाने के लिए नसरूद्‌दीन साहब ने क्या सिलवाया ?
ग. कार्यक्रम के बीच में धनी आदमी नसरूद्‌दीन साहब के घर क्यों गया ?
घ. चाणक्य कौन थे ?
ड. चन्द्रगुप्त कौन था ?

**प्र.15. दिए गए प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए– ( कोई चार )** **12**

क. राजा ने तीनों पुत्रों को दरबार में बुलाकर क्या आज्ञा दी ?
ख. तीसरे पुत्र ने वृक्ष के बारे में क्या बताया ?
ग. शिष्य ने अपने चरित्र की दृढ़ता का सच्चा प्रमाण कैसे दिया ?
घ. बचपन में देखे नाटकों का गाँधी जी पर क्या प्रभाव पड़ा ?
ड. दीपू तथा अन्य बच्चों ने अपने विद्‌यालय को कैसे चमकाया ?


## खण्ड. घ–लेखन कौशल

**प्र.16. किसी एक विषय पर अनुच्छेद 30 से 60 शब्दों में लिखिए –** **5**

क. समय का महत्त्व ख. मेरा प्रिय मित्र

**प्र.17. अपनी मन पसंद घड़ी का एक सुन्दर विज्ञापन बनाइए –** **5**

**प्र.18. चित्र–लेखन – नीचे बने चित्र को देखकर उसका वर्णन 30 से 50 शब्दों में लिखिए।** **5**



**''हार्दिक शुभकामनाएँ ''**